आधार में पता बदलने को आसान बनाने की यूआईडीएआई की नयी सेवा

नयी दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) अगले साल अप्रैल से एक नयी सेवा शुरू करेगा। इससे आधार कार्डधारक आसानी से अपने पते में बदलाव कराने में सक्षम होंगे। इससे उन लोगों को मदद मिलेगी जिनके पास स्थानीय निवासी का प्रमाण नहीं होता है। धारक को सिर्फ एक पत्र और पिन संख्या के माध्यम से अपना पता बदलने की सुविधा मिलेगी। यूआईडीएआई ने मंगलवार को एक अधिसूचना में जानकारी दी कि इस नयी सेवा को एक अप्रैल से शुरू करने का प्रस्ताव है।

यूआईडीएआई ने कहा कि जिन रहवासियों के पास उनकी मौजूदा निवास स्थान का कोई मान्य प्रमाण नहीं है। वह पते के सत्यापन के लिए पिन कोड वाले आधार पत्र के माध्यम से अनुरोध कर सकते हैं। एक बार व्यक्ति को यह पत्र प्राप्त हो जाएगा तो वह इस कूट पिन के माध्यम से एसएसयूपी ऑनलाइन पोर्टल पर अपने आधार में पते का बदलाव कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इससे उन लोगों को लाभ होगा जो किराये के घर में रहते हैं या अपना शहर छोड़कर दूसरे शहरों या स्थानों पर श्रमिक के तौर पर काम करते हैं।

यूआईडीएआई ने कहा कि इस नयी सेवा का प्रायोगिक परीक्षण एक जनवरी 2019 से शुरू होगा और एक अप्रैल 2019 से इसका परिचालन शुरू करने का प्रस्ताव है। - **पीटीआई**

नई दिल्ली। सरकार ने आज कहा कि बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा के कारण वर्ष 2017-18 में कपड़ा और परिधान निर्यात करीब 8,000 करोड़ रुपये घटकर 2,30,056 करोड़ रुपये रह गया। बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्रमुख बाजारों में तरजीही शुल्क का लाभ मिलता है। कपड़ा राज्य मंत्री अजय टम्टा ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि वर्ष 2016-17 में देश का कपड़ा एवं परिधान निर्यात 2,37,922 करोड़ रुपये रहा था। एक और सवाल के उत्तर में मंत्री ने कहा कि चालू कपास सत्र (अक्टूबर 2017 से सितंबर 2018) के दौरान, देश से कपास निर्यात खेप 70 लाख गांठ तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले सत्र से 20 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। टम्टा के अनुसार 30 अप्रैल, 2018 तक कपास की 51.2 लाख गांठों का निर्यात किया गया है और कपास निर्यात के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कपास के निर्यात के लिए एक अलग नीति तैयार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि इसका निर्यात, इसकी मांग और आपूर्ति की स्थिति तथा अंतरराष्ट्रीय कीमतों के मुकाबले मौजूदा घरेलू कीमतों सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर है।

- पीटीआई

ली

ो में 0.25
ड़ी करेगी।
ीसी इंडिया
'ब्याज दरों
र्धा में और
विवाद में
र्जित पटेल
म बढ़ रहा
जिससे उच्च
र्ज की दर
सहगल ने
ों की कुल
त्र में इस्पात
बढ़ रही है।
के अनुमान
चीन जैसे
पीटीआई

की हालत है सरकार

क को तब तक विदेशों में
नए जाने की अनुमति नहीं
जब तक वह सरकारी
एजेंसियों के माध्यम से
करता है।
कहा कि सरकार ने 478
मान्यता प्रदान की है और
ब्यूरो से संबद्ध किया है।
यरर इन मान्यता प्राप्त
माध्यम से आवेदन नहीं
नौकरियों के लिए विदेश
मति नहीं होगी।
ने कहा कि इस समय में
ब 1.6 लाख नाविक हैं
2 लाख विदेशी ध्वज वाले
कार्यरत हैं। कुल सीफेयरर
000 महिलाएं हैं।
- पीटीआई

पृष्ठ एक से जारी...

अमेरिका...

है। उन्होंने कहा कि डॉलर में आई मजबूती भी तमाम औद्योगिकी धातुओं और महंगी धातुओं में मंदी की एक बड़ी वजह है। इसके अलावा, औद्योगिक मांग भी कमजोर पड़ गई है। चीन समेत एशियाई बाजारों में में औद्योगिक धातुओं की मांग घट गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी और चीनी अधिकारी व्यापारिक टकराव दूर कर आपसी रिश्तों में सुधार चाहते हैं जिससे अंतराष्ट्रीय बाजार में तेजी लौटी। मगर बुधवार को अमेरिका ने 200 अरब मूल्य की चीनी वस्तुओं पर आयात शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी करने पर विचार करने की बात कही। इस खबर के बाद औद्योगिकी धातुओं में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आई गिरावट से संकेत पाकर घरेलू वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर भी तांबा, अल्युमीनियम, निकेल, जस्ता, शीशा और निकेल के भाव में गिरावट आई है।

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, चीनी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने के मामले में अमेरिका के अधिक सख्त रुख की घोषणा बुधवार तक हो सकती है। अमेरिका के इस रुख से वाशिंगटन और बीजिंग के बीच दोबारा व्यापारिक तनाव बढ़ सकता है, जिसको लेकर पहले से ही व्यापार युद्ध की नौबत आ गई है। दोनों पक्षों के बीच बातचीत से तनाव कम करने में कोई खास कामयाबी नहीं मिली। चीनी सरकार ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि वाशिंगटन द्वारा आयात शुल्क लगाने की धमकी देकर भयादोहन करने की कोशिश काम नहीं आएगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने कहा, "अमेरिका द्वारा भयादोहन और दबाव डालने की नीति चीन पर कभी काम नहीं आएगी। अगर उन्होंने दोबारा तनाव बढ़ाने की कोशिश की तो हम अपने वैध अधिकारों और हितों को बरकरार रखने के लिए निश्चित तौर पर जवाबी कार्रवाई करेंगे।"

- आईएएनएस

अंतर्राष्ट्रीय शेयर बाजार सूचकांक

Name	Last Trade	Change (%)
Nikkei 225	22,512.53	-1.04
Straits Times	3,286.32	-1.3
Hang Seng	27,714.56	-2.26
Taiwan Weighted	10,929.77	-1.54
Jakarta Composite	6,011.72	-0.36
Shanghai Composite	2,767.23	-2.07
Dow Jones	-	-
Nasdaq	-	-
S&P	-	-
DAX*	12524.49	- 1.67
CAC 40*	5452.67	- 0.83
FTSE 100*	7551.32	- 1.33

*(*यह आंकड़े शाम 06:00 बजे तक के हैं)*

आम सूचना

मै. हिमालय कंस्ट्रक्शन, रजि. ऑफिस श्री श्याम गेस्ट हाउस, फ्लाई ओवर के पास सांगानेर, जयपुर में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय उद्योग भवन जयपुर में रजिस्टर्ड है। यह फर्म दिनांक 12.06.2018 को बन्द हो गई है। इसमें छः पार्टनर है 1. सत्यनारायण साहू 2. दिलीप कुमार दासवानी 3. प्रहलाद साहू 4. जयप्रकाश वाटवानी 5. श्याम सुन्दर साहू 6. नरेश कुमार दासवानी। इन सभी ने दिनांक 12.6.2018 को फर्म से त्याग पत्र दे दिया है। इसमें किसी भी पार्टनर को कोई आपत्ति नहीं है।

वास्ते मै. हिमालय कंस्ट्रक्शन, जयपुर

श्री कल्याण होल्डिंग्स लिमिटेड

CIN: L67120RJ1993PLC061489
पंजीकृत कार्यालय : बी-19, लाल बहादुर नगर, मालवीय नगर, जयपुर-302017 (राजस्थान)
फोन व फैक्स: 0141-2554270, 0141-4034062
वेबसाईट: www.shrikalyan.com, ई-मेल: shrikalyan25@hotmail.com

सूचना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता एवं डिस्क्लोजर आँवश्यकता) रेग्यूलेशन 2015 के नियम 47 के तहत यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 10 अगस्त, 2018 को सायं 3.00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय बी-19, लाल बहादुर नगर, मालवीय नगर, जयपुर-302017 (राजस्थान) में आयोजित की जा रही है, जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं स्वीकृति दी जायेगी और उन पर सीमित समीक्षा रिपोर्ट रिकॉर्ड की जाएगी। यह सूचना कम्पनी की वेबसाईट "www.shrikalyan.com" और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट "www.bseindia.com" पर भी उपलब्ध है।

वास्ते श्री कल्याण होल्डिंग्स लिमिटेड
हस्ता./-
नंदिनी पाटीदार
कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी

स्थान: जयपुर
दिनांक : 2 अगस्त 2018

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक: /भू.शा. द्वितीय/2018/3392 दिनांक :- 01/08/2018

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा श्री नंद लाल, श्री बंशी लाल, श्री बालचंद पुत्र श्री गोमा खटीक को न्यास की तिलक नगर योजना में भूखण्ड संख्या 3-ए-24 साईज 39×89=385.66 वर्गगज नीलामी द्वारा/आंवटन लॉटरी द्वारा/अवाप्त भूमि के बदले/नियमन द्वारा आवंटन/विक्रय किया गया है।

इस कार्यालय को प्रस्तुत विक्रय चैनल अनुसार खातेदार द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये मु.आम श्री बंशी लाल पुत्र श्री गोमा खटीक द्वारा श्री रणधीर सिंह पुत्र श्री अमरसिंह पंजाबी को विक्रय कर दिया गया। एवं श्री रणधीर सिंह पुत्र श्री अमरसिंह पंजाबी के द्वारा नियुक्त उक्त भूखण्ड के मु.आम श्री विनोद कुमार चोरडिया पुत्र श्री भंवर लाल उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 30.10.2004 को रजिस्टर्ड है. के द्वारा श्रीमति अर्चना गर्ग पत्नि श्री प्रकाश कुमार अग्रवाल को विक्रय कर दिया गया। एवं श्रीमति अर्चना गर्ग पत्नि श्री प्रकाश कुमार अग्रवाल के द्वारा अन्तिम क्रेता श्री किशन कुमार अग्रवाल पुत्र श्री प्रकाश अग्रवाल को विक्रय कर दिया गया। एवं श्री किशन कुमार अग्रवाल पुत्र श्री प्रकाश अग्रवाल के द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने नाम नामांतरण करवाने बाबत आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी उजरदारी मय सबूत/दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

श्री किशन कुमार अग्रवाल पुत्र श्री प्रकाश अग्रवाल
निवासी-1-ए-43, 44, रमेशचन्द्र व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा